## एक नजर में



### संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन

**सीहोर.** संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूल, कॉलेज तथा संस्थाओं में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया. कलेक्टर कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत एवं रविन्द्र परमार सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया.



### जिला न्यायालय में किया गया प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

**सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार संविधान दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया. इस मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया. कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, तृतीय जिला न्यायाधीश श्रीमती स्मृतासिंह ठाकुर, द्वितीय जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती विनीता गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राधेश्याम यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती सपना शर्मा आदि उपस्थित थे.




### संविधान दिवस पर प्रश्नमंच प्रतियोगिता एवं रैली

**सीहोर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया और विद्यार्थियों के लिए प्रश्न मंच तथा स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित करसंविधान जागरूकता रैली भी निकाली गई. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा, डॉ उदय डोलस, राजकुमार साहू, डॉ तृप्ता झा, डॉ दुष्यंत कौल, डॉक्टर टिमोथियस एक्का उपस्थित थे.




### पीएम श्री कन्या विद्यालय में छात्राओं ने ली शपथ

**बुधनी.** पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर छात्राओं को संविधान की महत्वता एवं मूल भावनाओं से अवगत कराया गया. छात्राओं को संविधान विषय पर शपथ दिलाई गई. छात्राओं को इन अधिकारों और कर्तव्यों के ज्ञान तथा उनके पालन की अनिवार्यता से अवगत कराया. कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य दुर्गा वर्मा, नवीन तनेजा,आदि उपस्थित थे. शपथ नमिता तिवारी द्वारा दिलाई गई.



### विधिक साक्षरता शिविर में दी छात्राओं को जानकारी

**आष्टा.** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरणके निर्देशन एवं विजय डांगी, द्वितीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में श्रीमती ऋचा जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारासंविधान दिवस के उपलक्ष्य में शहीद भगत सिंह हायर सेकेण्डरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें श्रीमती जैन द्वारा कानूनों की जानकारी दी गई एवं संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया. शिविर में डायरेक्टर भोलू सिंह ठाकुर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं. प्राचार्य श्रीमती रीना ठाकुर द्वारा आभार माना गया.

### बहुजन उत्सव समिति ने मनाया संविधान दिवस

**सीहोर.** बहुजन उत्सव समिति द्वारा अंबेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं कैंडल जलाकर संविधान दिवस मनाया गया. इस अवसर पर दलित चिंतक नरेन्द्र खंगराले, जांगड़ा समाज अध्यक्ष रामचरण दसलानिया, दयाराम गवाटिया, लक्ष्मी दोहरे, प्रेमलता सेल, एन.पी.सागर, लाड़सिंह कटारिया, सुनील बामनिया, कृष्णा सूर्यवंशी, कपिल चौधरी, नीरज जाटव, नवीन महोबिया, सचिन जाटव, धनराज थरेले, पार्षद लोकेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे.

### शासकीय महाविद्यालय इछावर में संविधान दिवस मनाया

**इछावर.** शासकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस पर उद्देशिका का वाचन एनएसएस प्रभारी डा.अरविंद बैस ने किया. अध्यक्षता प्राचार्या डा.सुनीता यादव ने की. वरिष्ठ शिक्षक विनीत शर्मा,शरद मेश्राम, नीता माहौर,स्टाफ एवं फाउंडेशन पदाधिकारी, विद्यार्थियों की उपस्थिति रही. इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई.

# आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर विरोध तेज

- अधिवक्ताओं ने एसपी ऑफिस में दिया आवेदन
- बयान के सामने आने के बाद प्रदेशभर में तीखी प्रतिक्रिया शुरू





**छतरपुर, 26 नवम्बर. नगर में आईएएस अधिकारी एवं अजाक्स के नव-नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष संतोष वर्मा के विवादित बयान को लेकर विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार 26 नवंबर को दोपहर 1:30 बजे स्थानीय अधिवक्ताओं ने एसपी ऑफिस पहुंचकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए आवेदन सौंपा। अधिवक्ताओं ने कहा कि संतोष वर्मा ने ब्राह्मण समाज को लेकरजो टिप्पणी की है, वह सामाजिक सौहार्द के खिलाफ है और इससे जातीय तनाव बढ़ सकता है।**

दरअसल, प्रांतीय अधिवेशन में संतोष वर्मा ने कहा था- 'जब तक मेरे बेटे को कोई ब्राह्मण अपनी बेटी दान न कर दे, तब तक आरक्षण मिलना चाहिए।' इसके साथ ही उन्होंने आर्थिक आधार पर मिलने वाले आरक्षण को भी सामाजिक समरसता स्थापित होने तक अनुचित करार दिया था। उनके इस बयान के सामने आने के बाद प्रदेशभर में तीखी प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। कई सामाजिक संगठनों ने इसे गैर-जिम्मेदाराना और भेदभावपूर्ण बताते हुए नाराजगी जताई है।

छतरपुर के अधिवक्ताओं ने कहा कि एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से ऐसी टिप्पणी की उम्मीद नहीं की जा सकती, क्योंकि ऐसे बयान समाज में विभाजन पैदा करते हैं। उन्होंने एसपी से मांग की कि मामले को गंभीरता से लिया जाए और संतोष वर्मा के खिलाफ वैधानिक एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

वहीं, बयान को लेकर प्रदेश में राजनीतिक और सामाजिक हलकों की चर्चाएँ भी तेजी से जारी हैं। इस मुद्दे के तूल पकड़ने के बाद यह मामला अब राज्य स्तर पर भी ध्यान का केंद्र बन गया है, और आने वाले दिनों में इस पर और प्रतिक्रियाएँ सामने आने की संभावना है।

## सो रहे युवक को चचेरे भाई ने मारी गोली

- सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला संदिग्ध बताते हुए जांच शुरू की
- घायल युवक को छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया




**छतरपुर, 26 नवम्बर.** छतरपुर के पठापुर रोड पर देर रात एक युवक को गोली लगने का मामला सामने आया है। झुग्गी में सो रहे 25 वर्षीय राजू पर उसके ही रिश्तेदारों ने हमला किया और कथित तौर पर जांघ में गोली मार दी। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं पुलिस ने पूरे मामले को संदिग्ध बताते हुए जांच शुरू की है।

राजू पिछले पांच वर्षों से छतरपुर में रह रहा है। उसके अनुसार, रात करीब 12:30 बजे वह अपनी मां हीरा और बहू शिवानी के साथ झुग्गी में सो रहा था। तभी उसका चचेरा भाई महेश, कल्लू और उनके जीजा गजेंद्र रजक वहां पहुंचे। राजू का दावा है कि आरोपियों ने पहले छोटे भाई अर्जुन को गालियां दीं और लाठी-डंडों से पीटा, इसके बाद महेश ने उसकी दाहिनी जांघ में गोली मार दी।

**परिवार में जमीन को ले कर चल रहा था विवाद**

राजू ने बताया कि परिवार के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। उसने यह भी आरोप लगाया कि 2012 में उसे 15 वर्षीय लड़की के अपहरण और हत्या के एक मामले में झूठा फंसाया गया था, जमानत पर बाहर आने के बाद से वह छतरपुर में रह रहा है। घटना के बाद उसने 112 पर कॉल किया, लेकिन पुलिस करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। उसका कहना है कि पैर में अभी भी गोली फंसी है और उसे सही इलाज नहीं मिल पाया।

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि युवक को गोली लगी है और उसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर आरोप लगाए गए हैं, वे पुलिस के पहुंचने पर अपने घरों में सोते मिले। इससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

## तीन मेडिकल स्टोर के लायसेंस निरस्त

**सीहोर.** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले की 5 मेडिकल दुकानों पर अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की गई है. 3 मेडिकल दुकानों मेसर्स राजा मेडिकल भैरूंदा, मेसर्स विजासन मेडिकल रेहटी, मेसर्स सोनम मेडिकल मालीबाया के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं तथा दुआ मेडिकल श्यामपुर एवं माहेश्वरी मेडिकल सीहोर के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं. जांच दल द्वारा अनियमिततापाए जाने पर इन मेडिकल दुकानों को नोटिस जारी किया गया था और जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे. इन मेडिकलों द्वारा इस संबंध में कोई जबाव प्रस्तुत नही किया गया और क्रय-विक्रय रिकॉर्ड भी प्रस्तुत नही किया गया था.



## चन्दला महाविद्यालय में संविधान दिवस का आयोजन!

**चंदला, 26 नवम्बर. शासकीय महाविद्यालय चंदला जिला छतरपुर में संविधान दिवस के अवसर पर, म प्र शासन उच्च शिक्षा विभाग और भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के मासिक कैलेंडर के निर्देशानुसार, प्राचार्य के मार्गदर्शन में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।**

डॉ बीरेन्द्र तिवारी, डॉ राजेंद्र सिंह चौहान, डॉ ए के त्यागी, डॉ अमरदीप सोनी, अन्य स्टाफ, छात्र छात्राएँ, राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरुष और महिला इकाई के स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन किया! डॉ बीरेन्द्र तिवारी ने संविधान सभा के गठन, संविधान के स्वरुप, और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, संविधान की प्रस्तावना, संविधान की आत्मा है, संविधान का सारांश है! तदुपरांत भारतीय संविधान पर केंद्रित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अमित सेन ने प्रथम और शीलू पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## दुर्घटना का फरार कार चालक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 नवंबर.** पांच दिन पहले 21 नवंबर को भोपाल-इंदौर हाईवे स्थित ग्राम मुगीसपुर के समीप बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारने वाले आरोपी चितावलिया निवासी भोपालसिंह वर्मा को आखिरकार मंडी पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार किया. बुधवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जमानत पर छोड़ दिया गया.

गौरतलब है कि गत 21 नवंबर की रात मुगीसपुर के समीप एक तेज रफ्तार कार ने बाइक से जा रहे दो युवकों कृष्णा वर्मा और शुभम वर्मा को रौंद दिया था. इस हादसे में कृष्णा वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई थी. घटना के बाद एक युवक शुभम वर्मा कार में उलझकर काफी दूर तक घिसटता गया, लेकिन आरोपी कार चालक ने वाहन नहीं रोका. इसके बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया था. गंभीर रूप से घायल शुभम का भोपाल के एम्स अस्पताल में उपचार चल रहा है. आरोपी कार चालक भोपाल सिंह घटना के बाद से ही फरार चल रहा था. बीती रात मंडी पुलिस ने उसे कार सहित गिरफ्तार किया था. बुधवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया है.

## कार्य में लापरवाही पर कलेक्टर की सख्त कार्रवाई

### 6 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भेजा

**छतरपुर, 26 नवम्बर. छतरपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्र) कार्य में लापरवाही सामने आने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ जैसवाल ने कड़ी कार्रवाई करते हुए छह अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। समीक्षा बैठक में पाया गया कि कार्य प्रगति बेहद कम है और गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूरा नहीं हो पाया।**




जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें नायब तहसीलदार छतरपुर शशांक जैन, प्रभारी तहसीलदार बड़ामलहरा विशंभर सिंह मरावी, लवकुशनगर महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी विक्रम सिंह, विकासखंड स्रोत समन्वयक सरस्वती तिवारी (छतरपुर), प्रमोद राजपूत (बड़ामलहरा) और चंद्र विजय सिंह बुंदेला (बकस्वाहा) शामिल हैं।

कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि संबंधित अधिकारियों ने स्क्र कार्य में अपेक्षित रुचि नहीं दिखाई, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13(2) का उल्लंघन है। इसे गंभीर मानते हुए कलेक्टर ने पूछा है कि उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। साथ ही निर्देश दिया गया है कि नोटिस प्राप्त होने के तीन दिनों के भीतर अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना लिखित जवाब दें। निर्धारित समय पर जवाब न देने या असंतोषजनक स्पष्टीकरण मिलने की स्थिति में उनके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## आगामी अप्रैल तक मिलेगी ऑडिटोरियम की सौगात

- टाउनहाल परिसर में बन रहा है 500 सीटर ऑडिटोरियम
- नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

सीहोर 26 नवंबर. शहर को आने वाले दिनों में ऑडिटोरियम की सौगात मिलने जा रही है. इसका काम आगामी अप्रैल 2026 में पूर्ण होने जा रहा है. नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया.

सांस्कृतिक और अन्य आयोजन के लिए टाउन हाल के अलावा कोई दूसरी जगह नहीं थी. इसलिए सभी आयोजन इसी जगह करना पड़ते थे. यह टाउन हॉल काफी पुराना हो चुका है. नपा अध्यक्ष ने बताया कि टाउन हाल का कुल रकबा 3 एकड़ है। इसमें अभी आगे टाउन हाल बना है. ऑडिटोरियम निर्माण होने के बाद टाउनहाल के पुराने भवन को गिरा दिया जाएगा. नया ऑडिटोरियम भवन तैयार हो रहा है इसमें 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था है. इसके अलावा वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह रहेगी. अप्रैल माह तक यह तैयार हो जाएगा.

## कमरे में मिला वीआईटी के फैकल्टी का शव

नवभारत न्यूज

सीहोर 26 नवंबर. नगर के चाणक्यपुरी क्षेत्र में किराए से रहने वाले वीआईटी यूनिवर्सिटी के फैकल्टी का शव उनके मकान में मिला है. मृतक की पहचान संग्राम केसरी दास के रूप में हुई है. वह वीआईटी में इलेक्ट्रॉनिक्स विषय के प्रोफेसर थे. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस सूत्रों के अनुसार आज एक व्यक्ति प्रोफेसर का शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचा और फिर वहां से चला गया. पुलिस को कई घंटों तक मृतक की पहचान करने में मशक्कत करनी पड़ी. कई घंटों के प्रयासों के बाद ही उनकी पहचान संग्राम केसरी दास के रूप में हो सकी. वीआईटी यूनिवर्सिटी के अमित सिंह ने बताया कि संग्राम केसरी दास मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले थे. वह यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रॉनिक्स के छात्रों को पढ़ाते थे. मृतक के परिजन शाम तक सीहोर पहुंचने वाले हैं. फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

**तीर्थ दर्शन योजना** — कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने योजना के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

## रामेश्वरम्-मदुरई तीर्थ यात्रा के लिए 250 वरिष्ठ नागरिक चयनित

- इच्छुक वरिष्ठ नागरिक 8 दिसंबर तक जमा कर सकते हैं आवेदन



**छतरपुर, 26 नवम्बर. धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2025-26 का कैलेंडर जारी करते हुए छतरपुर जिले के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की है। जिले से 250 वरिष्ठ नागरिकों को 22 दिसंबर 2025 को रामेश्वरम्-मदुरई तीर्थ यात्रा पर भेजा जाएगा।**

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने अधिकारियों को यात्रा से जुड़ी सभी तैयारियां पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें परिवहन, सुरक्षा, भोजन, चिकित्सा सुविधा और आवास की व्यवस्था शामिल है। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक 8 दिसंबर 2025 तक अपनी तहसील, जनपद कार्यालय या नगर निकाय (नगर पालिका/नगर परिषद) में आवेदन जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।

### पात्रता के प्रमुख नियम

- आवेदक जिले का स्थायी निवासी हो।
- पुरुषों की आयु 60 वर्ष तथा महिलाओं की 58 वर्ष या अधिक हो।
- आवेदक आयकर दाता न हो।
- शासकीय चिकित्सक से जारी स्वास्थ्य प्रमाणपत्र अनिवार्य।
- पहचान पत्र और एक पासपोर्ट साइज फोटो जमा करना आवश्यक।

वर्ष 2012 से संचालित इस योजना के माध्यम से छतरपुर जिले के हजारों वरिष्ठ नागरिक विभिन्न तीर्थ स्थलों का दर्शन कर चुके हैं। सरकार यात्रा के दौरान ट्रेन से आवागमन, ठहरने की व्यवस्था, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा और स्थानीय दर्शन की पूरी जिम्मेदारी स्वयं निभाती है।

### प्रशासन की तैयारी

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि पात्रता की जांच पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए और कोई भी योग्य वरिष्ठ नागरिक योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे। यात्रा से संबंधित सभी जानकारी धार्मिक न्यास विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां इच्छुक नागरिक आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों का विवरण देख सकते हैं।

### रामेश्वरम्-मदुरई क्यों महत्वपूर्ण?

रामेश्वरम् भारत के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों में शामिल है और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र माना जाता है। वहीं मदुरई का मीनाक्षी मंदिर दक्षिण भारत की सबसे प्रतिष्ठित आध्यात्मिक धरोहरों में से एक है। ये दोनों तीर्थ स्थल धार्मिक शांति, ऐतिहासिक महत्व और आस्था का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हैं।